


## एक नजर में




### ग्राहकों को दी योजनाओं की जानकारी

**उज्जैन।** तीन बत्ती चौराहा स्थित प्रेम पैलेस में डोंबिवली नागरी सहकारी (डीएनएस) बैंक की उज्जैन शाखा द्वारा ग्राहक सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस दौरान बैंक की विभिन्न ऋण योजनाओं की जानकारी देने के साथ ही ग्राहकों को साइबर ठगी से बचने के उपाय भी बताए गए। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में बैंक के एमडी एवं सीईओ विश्राम दीक्षित, वाइस चेयरमैन नंदनी कुलकर्णी, डीजीएम पराग नवरे और एजीएम शलाका प्रभु मौजूद रहे। सम्मेलन में संघ के श्रीपाद जोशी, महाराष्ट्र समाज के अध्यक्ष पंकज चांदोरकर, मिलिंद पन्हालकर, यशवंत तिलगुणकर, लोटी कॉलेज के सीईओ गिरीश भालेराव, नितिन गरुड़ और माधव सेवा न्यास के अध्यक्ष बलराज भट्ट सहित बड़ी संख्या में बैंक के ग्राहक उपस्थित थे। स्थानीय प्रबंधन की ओर से शाखा प्रमुख सारंग देशपांडे और सह-शाखा प्रमुख विवेक सिंह मौजूद रहे। सम्मेलन के दौरान बैंक अधिकारियों ने ग्राहकों से हाउसिंग लोन, कार लोन, दोपहिया वाहन लोन और एमएसएमई लोन के विषय में विस्तार से चर्चा की। इसके साथ ही ग्राहकों को बचत और चालू खाते की नई विशेषताओं से अवगत कराया गया। अधिकारियों ने फिक्स्ड डिपॉजिट (एफडी) पर वरिष्ठ नागरिकों को दिए जा रहे अधिक ब्याज के बारे में भी बताया। कार्यक्रम के अंत में डिजिटल बैंकिंग के दौर में बढ़ते ऑनलाइन फ्रॉड से बचाव के लिए ग्राहकों को जागरूक किया गया।

### परशुराम मंदिर में 21 ब्राह्मण करेंगे महाअभिषेक



**उज्जैन।** भगवान श्री परशुराम का प्राकट्योत्सव और अक्षय तृतीया महापर्व श्री परशुराम मंदिर पारमार्थिक सेवा न्यास एवं अखिल भारतीय युवा ब्राह्मण समाज के संयुक्त तत्वावधान में धूमधाम से मनाया जाएगा। युवा ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष अर्पित पुजारी ने बताया कि प्रतिवर्ष की तरह वैशाख शुक्ल पक्ष की अक्षय तृतीया पर ब्राह्मण गौरव, भगवान विष्णु के अवतार श्री परशुराम जी का प्राकट्योत्सव नानाखेड़ा के चाणक्यपुरी स्थित परशुराम मंदिर में आयोजित किया जाएगा। आयोजन के तहत प्रातः 10 बजे 21 ब्राह्मणों द्वारा विशेष जड़ी-बूटियों और फलों के रस से भगवान परशुराम का महाअभिषेक किया जाएगा। इसके पश्चात भगवान को सुंदर वस्त्र और आभूषण धारण कराकर दोपहर 12 बजे जन्म आरती की जाएगी तथा प्रसादी का वितरण होगा। आयोजन समिति से जुड़े विजय पुजारी, राकेश जोशी, सुरेश शर्मा, आशीष अग्निहोत्री, रूपेश मेहता, राम शर्मा, किशन पांडे और आशीष ठक्कर आदि ने ब्राह्मण समाज से अधिक से अधिक संख्या में महाआरती में सम्मिलित होकर पुण्य लाभ लेने की अपील की है।

### जातिगत जनगणना में उपनाम नहीं

**उज्जैन।** जातिगत जनगणना को लेकर भारतीय सेन समाज ने समाजजनों से एक महत्वपूर्ण अपील की है। संगठन ने निवेदन किया है कि जनगणना के दौरान जाति के कॉलम में किसी उपनाम या सरनेम के बजाय स्पष्ट रूप से अपनी जाति सेन समाज ही दर्ज कराएं। भारतीय सेन समाज के कार्यवाहक अध्यक्ष मनोहर परमार ने बताया कि संख्या बल अधिक होने के बावजूद राजनीति में समाज का उचित प्रतिनिधित्व नहीं है। वर्तमान में समाज से न तो कोई विधायक है, न सांसद और न ही किसी उच्च पद पर कोई आसीन है। यदि जनगणना में समाज की एकजुटता और वास्तविक संख्या सामने आएगी, तो भविष्य में राजनीतिक मंचों पर उचित हिस्सेदारी और उच्च पदों की मांग प्रमुखता से रखी जा सकेगी। समाज की कुल जनसंख्या का सटीक आंकड़ा प्राप्त करने के उद्देश्य से कार्यवाहक अध्यक्ष मनोहर परमार के साथ ही ओम लाहौरी, संतोष वर्मा, जगदीश देवड़ा, अर्जुन वर्मा, वीरेंद्र परमार, परमानंद वर्मा, शिवशंकर वर्मा, अशोक वर्मा, प्रेम यादव, धर्मेन्द्र परमार, मनोज गेहलोत, ओम गेहलोत, नरेंद्र याग्निक, राहुल वर्मा, राजेंद्र कश्यप, संदीप गौरव और संतोष भाटी ने सभी समाजजनों से अनुरोध किया है कि वे जातिगत जनगणना में किसी अन्य नाम के बजाय केवल सेन समाज ही लिखें, ताकि समाज की विशालता और वास्तविक स्थिति का सही आकलन हो सके।

## आयशर से टकराया ट्रक, बाइक चालक की मौत

**इंदौर रोड पर दर्दनाक हादसा, काम पर जा रहा था मिस्त्री**



**उज्जैन।** इंदौर रोड पर शनिवार सुबह दर्दनाक हादसा हुआ खड़ी आयशर से ट्रक टकरा गया और पलटी खा गया। घटना में बाइक सवार की दबने से मौत हो गई आयशर चालक घायल हो गया। हादसे के बाद चालक ट्रक छोड़कर भाग निकला था।

नानाखेड़ा थाना क्षेत्र के पंथपिपलाई में रहने वाला रमेश उर्फ गुड्डू पिता ब्रजलाल श्रीवास्तव 53 वर्ष मिस्त्री का काम करता था। सुबह अपनी साइट पर जाने के लिए बाइक से निकला था लेकिन पेट्रोल कम होने पर वह पंप पर भराने पहुंच गया। जहां से वह मार्ग की की दूसरी दिशा में जाने के लिए आगे बढ़ रहा था। इस दौरान सामने से ट्रक आता दिखाई दिया।

**साइड से निकलने पर बाइक सवार आ गया चपेट में**

चालक ने बाइक सवार को बचाने की कोशिश की लेकिन किनारे पर खड़ी गैस एजेंसी की आयशर से टकरा गया। हादसे में ट्रक और आयशर दोनों पलट गए साइड से निकल रहा बाइक सवार चपेट में आ गया। उसकी मौके पर ही मौत हो गई। ट्रक का चालक लोकेशन भाग निकला था घटना में आयशर चालक ओमप्रकाश पिता बाबूलाल पाटीदार निवासी नागझिरी दुर्घटना में गंभीर घायल है। ओमप्रकाश गैस एजेंसी की गाड़ी चलाता है और घटना के वक्त वो पेट्रोल पंप के पास खाली गाड़ी लेकर खड़ा था और गाड़ी के कांच साफ कर रहा था। मामले में नानाखेड़ा थाना पुलिस ने मर्ग कायम करने के साथ ट्रक चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है।

## 2 लाख से अधिक पौधों को रोपित करने का लक्ष्य

### जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत आयोजन

**उज्जैन।** जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत मुख्यमंत्री की मंशा अनुसार उज्जैन शहर को हरियाली के रूप में विकसित करने हेतु नगर निगम उज्जैन द्वारा वृहद स्तर पर पौधारोपण करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

निगमायुक्त की अभिलाष मिश्रा के निर्देश अनुसार नोडल अधिकारी एवं अपर आयुक्त उद्यान संदीप शिवा के मार्गदर्शन में नगर निगम उद्यान विभाग द्वारा पर्यावरण प्रेमी संस्थाओं के साथ मिलकर विक्रम विश्वविद्यालय स्थित भू विज्ञान अध्ययन शाला अंतर्गत 500 से अधिक गड्ढे करने का कार्य किया गया है। अपर आयुक्त संदीप शिवा ने बताया कि नगर निगम द्वारा वसुंधरा हरियाली महोत्सव समिति, पर्यावरण प्रेमी परिवार के सदस्यों के साथ मिलकर पौधारोपण को लेकर कार्य किया जा रहा है। जिसमें पूर्व से रोपित पौधों में पानी डालने का कार्य संस्था द्वारा किया जा रहा है। साथ ही वर्तमान में 500 से अधिक पौधे रोपित करने हेतु गड्ढे करने का कार्य किया गया है एवं 9000 से अधिक पौधों को जिओ टैग करने का कार्य भी किया गया है। वृहद स्तर पर पौधारोपण हेतु 6 हेक्टेयर भूमि तैयार करेंगे। जिस पर आने वाले समय में 1.5 से 2 लाख पौधारोपण करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। वर्तमान में इस कार्य हेतु पूरी जमीन तैयार करने का कार्य प्रचलित है। जिसमें पौधों के संरक्षण के लिए खाद मिलाते हुए विशेषज्ञों की निगरानी में मियावाकी पद्धति से पौधारोपण करते हुए क्षेत्र को सघन जंगल के रूप में विकसित किया जाएगा।

## साथी के संग मिलकर चाकू से काटा था युवक का गला

**उज्जैन। महिदपुर में हुई युवक की हत्या में रिश्तेदार और उसका दोस्त शामिल होना सामने आया है। पुलिस ने कुछ घंटे में ही दोनों को गिरफ्तार कर लिया। मृतक और हत्या करने वालों ने साथ में शराब पी थी। गली गलौज करने पर चाकू से गला काट दिया था।**

महिदपुर थाना क्षेत्र के सेमलिया रोड पीली खाई जंगल में शुक्रवार सुबह एक युवक की लाश पुलिस ने ग्रामीणों की सूचना पर बरामद की थी। युवक का गला रेता गया था, मामला हत्या का होने पर पुलिस ने घटना स्थल पर गंभीरता से जांच की मृतक की बाइक भी कुछ दूरी पर खड़ी मिली घटना स्थल पर शराब पीने की पुष्टि हुई। कुछ देर में ही मृतक की पहचान बालाराम उर्फ बालेश्वर पिता शंकर लाल गुजराती 38 साल निवासी ग्राम रतनगढ़ सेमलिया के रूप में हो गई। परिजनों ने बताया कि गुरुवार शाम को निपानिया जाने के लिए निकला था। पुलिस ने मामले में हत्या का प्रकरण दर्ज किया और मृतक का पोस्टमार्टम करने के बाद हत्या करने वालों की तलाश शुरू की कुछ घंटे में ही मृतक के साडू बद्रीलाल पिता उम्पा ग्राम खामरिया और उसके दोस्त दयाराम पिता नानूराम भीमपुरा महिदपुर को हिरासत में ले लिया गया दोनों से पूछताछ में हत्या का खुलासा हो गया। शराब पीने के दौरान हुई गाली गलौज के चलते हत्या की गई थी। महिदपुर थाना पुलिस के अनुसार मामले में दोनों आरोपियों से पूछताछ कर हत्या में प्रयुक्त हथियार बरामद करने का प्रयास किया जा रहा है शनिवार दोपहर बाद न्यायालय में पेश किया गया।

## माली समाज का सामूहिक विवाह सम्मेलन कल

- 10 जोड़े परिणय सूत्र में बंधकर करेंगे नए जीवन की शुरुआत

**उज्जैन।** क्षत्रिय मारवाड़ी माली समाज द्वारा सामाजिक सरोकार और फिजूलखर्ची को रोकने की दिशा में एक सराहनीय पहल की जा रही है। आगामी 20 अप्रैल अक्षय तृतीया के अबूझ मुहूर्त पर समाज का भव्य सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित होगा। इस मांगलिक आयोजन में समाज के 10 जोड़े परिणय सूत्र में बंधकर अपने नए जीवन की शुरुआत करेंगे।

आयोजन समिति के संयोजक हिम्मत बागड़ी, अध्यक्ष विष्णुकुमार सांखला और समाज अध्यक्ष मोती भाटी ने संयुक्त रूप से कार्यक्रम की रूपरेखा साझा करते हुए बताया कि विवाह उत्सव का शुभारंभ सुबह भव्य चल समारोह एवं गंगाजल कलश यात्रा के साथ होगा। यात्रा में समाज की महिलाएं कलश धारण कर मंगल गान करेंगी, वहीं बैंड-बाजों के साथ चल समारोह में समाज की एकजुटता देखने को मिलेगी।

कलश यात्रा के पश्चात दोपहर 12 बजे से वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पाणिग्रहण संस्कार की रस्में शुरू होंगी। मुख्य विवाह संस्कार संपन्न होगा। शाम 4 बजे नवदंपत्तियों का विदाई समारोह आयोजित किया जाएगा। मंगल कछावा, मनोहर गेहलोत, पुखराज भाटी, नवीन मारोठिया, देवेंद्र बागड़ी, सत्यनारायण कछावा सहित कई सदस्यों ने समाजजनों से इस आयोजन में बढ़-चढ़कर सम्मिलित होने की अपील की है। जानकारी मीडिया प्रभारी धर्मेंद्र भाटी द्वारा प्रदान की गई है। सामूहिक विवाह के इस आयोजन को लेकर समाज में खासा उत्साह देखा जा रहा है, क्योंकि यह न केवल आर्थिक बोझ कम करता है बल्कि आपसी मेलजोल को भी बढ़ावा देता है।

## श्रद्धालु ने महाकाल मंदिर में प्लंबर टीम को भेंट किए टूल किट



**उज्जैन।** महाकाल मंदिर में दर्शन के लिए दिल्ली से आए श्रद्धालु संदीप गुप्ता ने मंदिर की व्यवस्थाओं से खुश होकर प्लंबर टीम के लिए उच्च गुणवत्ता की एक प्लंबर टूल किट भेंट की है। समिति के सहायक प्रशासनिक अधिकारी आरके तिवारी ने बताया कि टीम को कीट की जरूरत थी। उनके निवेदन पर श्रद्धालु ने यह सामग्री भेंट की।

## बेगमबाग में मिस्त्री को गैरेज संचालक ने मारे चाकू

- पुलिस ने मामले की जांच शुरू की गई, घायल का उपचार चरक अस्पताल में चल रहा

**उज्जैन।** रात में बेगमबाग स्थित तकिया मस्जिद क्षेत्र में रहने मिस्त्री इमरान पिता आबिद खान 40 साल को गैरेज संचालक मोहम्मद अमन ने चाकू मार कर घायल कर दिया पुलिस द्वारा मामले की जांच शुरू की गई है घायल का उपचार अस्पताल में चल रहा है। घायल इमरान ने बताया कि वह मिस्त्री का काम करता है कुछ समय पहले मोहम्मद अमन के घर का काम किया था। जिसकी मजदूरी 12 हजार रुपये हुई थी अमन ने रुपए नहीं दिए थे। जिसके बदले में उसने अपनी बाइक का काम अमन के गैरेज पर कराया। कम होने के बाद अमन ने 10 हजार का बिल बना दिया। वह अपनी बाइक लेकर चला गया लेकिन दूसरे दिन ही बाइक फिर से खराब हो गई रात में वह बाइक लेकर अमन के पास पहुंचा और पूछा कि 10 हजार में ऐसा क्या काम बाइक में किया जो फिर से खराब हो गई इसी बात पर अमन ने विवाद शुरू कर दिया और चाकू से हमला किया। महाकाल थाना पुलिस का कहना था कि घायल के बयान दर्ज कर जांच शुरू की गई है।

**तराना में पुत्र ने पिता पर किया हमला**

तराना तहसील में रहने वाले बाबूलाल पिता बालचंद को घायल हालत में बीती रात उपचार के लिए उज्जैन चरक अस्पताल लाया गया। इस दौरान सामने आया कि बाबूलाल पर उसके पुत्र दिलीप ने लाठी से हमला किया है। घायल बाबूलाल ने बताया कि पुत्र शराब पीने का आदी है रात में भी नशा कर घर लौटा था उसे शराब पीकर आने से मना किया तो उसने लाठी से सिर फोड़ दिया।

**पंचक्रोशी यात्रियों के सामने बाइक पर स्टंट करते युवक पकड़ाया**

उज्जैन। कोयला फाटक चौराहे पर बाइक से स्टंट कर रहे एक युवक को मौके पर तैनात पुलिस आरक्षक ने दबोच लिया। जिस वक्त युवक स्टंट कर रहा था उस वक्त पंचक्रोशी यात्री भी गुजर रहे थे। कोयला फाटक चौराहे पर शुक्रवार सुबह एक युवक तेज गति से बाइक दौड़ा कर स्टंट कर रहा था। उस वक्त पंचक्रोशी यात्रियों की आवाजाही के कारण पुलिस बैरिकेड्स लगे थे और आरक्षक देवीसिंह परमार वहां ड्यूटी दे रहे थे। युवक की हरकत देख उन्होंने उसे तुरंत पकड़ लिया और चिमनगंज पुलिस के हवाले कर दिया। युवक का नाम शुभम पिता राजेश सक्सेना (20) निवासी ढांचा भवन है। चिमनगंज टीआई विवेक कनोडिया ने बताया कि शुभम नशे मे था। उसका मेडिकल कराया जा रहा है। इसके बाद कार्रवाई की जाएगी।

## मेधावियों को सम्मानित कर दिलाई मोबाइल से दूर रहने की शपथ




**उज्जैन।** अब्दालपुरा स्थित संत लीला शाह कॉन्वेंट हायर सेकेंडरी स्कूल में बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उज्जैन उत्तर के विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा और विशेष अतिथि गजेंद्र सकलेचा थे। अध्यक्षता प्रेम यादव ने की।

समारोह में कक्षा 12वीं के प्रतिभावान छात्र पीयूष जोशी का विशेष सम्मान किया गया। पीयूष ने पूरे मध्य प्रदेश की प्रावीण्य सूची में 96 प्रतिशत अंक अर्जित कर नौंवा स्थान प्राप्त किया है। विधायक ने छात्र पीयूष और उनके माता-पिता सुनील व संतोष जोशी को शॉल, श्रीफल और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इसी क्रम में 10वीं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं की श्रृंखला में 96.6 प्रतिशत अंक हासिल करने वाली रागिनी सिसोदिया पिता समीर सिसोदिया, 96.4 प्रतिशत अंक लाने वाले भावेश पोरवाल पिता नितेश पोरवाल और 95.6 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाली अलीना हुसैन पिता जाकिर हुसैन का सम्मान किया गया। विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों का भी सत्कार किया गया।

**लक्ष्य के प्रति रहें समर्पित**

अपने संबोधन में विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा ने विद्यार्थियों को निरंतर परिश्रम करने और अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने की प्रेरणा दी। उन्होंने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र, स्मृति चिन्ह और पुरस्कार प्रदान किए। इस दौरान विधायक ने सभी बच्चों को विद्यार्थी जीवन में मोबाइल से दूर रहने की शपथ भी दिलाई।

### व्यापारियों में खुशी

**उज्जैन।** महाकाल क्षेत्र में वर्षों से व्यवसाय कर रहे हाथ-ठेला व फुटपाथ व्यापारियों द्वारा नगर निगम के गेंग प्रभारी मनीष बाली का लगातार विरोध किया जा रहा था। इस संबंध में व्यापारियों ने नगर निगम कमिश्नर अभिलाष मिश्रा को ज्ञापन भी सौंपा था। कमिश्नर ने मनीष बाली को महाकाल क्षेत्र से हटा दिया है। इस निर्णय के बाद व्यापारियों में खुशी का माहौल है। संघ अध्यक्ष कालूराम चौहान ने बताया कि संगठन ने विरोध किया। फुटपाथ व्यापारियों को राहत मिली है। साथ ही उम्मीद जताई कि भविष्य में भी प्रशासन छोटे व्यापारियों के हित में काम करेगा और उनके लिए उचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। हाथ-ठेला व फुटपाथ व्यापारियों ने कार्रवाई के बाद उम्मीद जताई है कि नगर निगम जल्द ही टीवीसी कमेटी का गठन कर वेंडिंग जोन निर्धारित करेगा।

## फिल्म निर्माता विनोद भानुशाली ने किए महाकाल दर्शन

- उज्जैन में होगी शूटिंग, टाइगर श्रॉफ
- और संजय दत्त भी होंगे शामिल



**उज्जैन।** फिल्म निर्माता विनोद भानुशाली ने शनिवार को उज्जैन में महाकाल दर्शन कर कहा कि वे उज्जैन सहित मप्र के कई शहरों में आने वाली फिल्मों की शूटिंग करेंगे जिसमें टाइगर श्राफ और संजय दत्त भी शामिल हो सकते हैं।

शूटिंग के लिए उनकी टीम मध्यप्रदेश के उज्जैन, इंदौर, भोपाल और ग्वालियर में लोकेशन तलाश रही है। उनके साथ प्रोड्यूसर भावेश भानुशाली, अरविंद भानुशाली, एग्जीक्यूटिव प्रोड्यूसर सूरज सिंह राजपूत सहित टीम के अन्य सदस्य भी थे। सभी ने नंदीहाल में बैठकर बाबा के दर्शन कर आशीर्वाद लिया। इधर मध्यप्रदेश शासन के उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा व नगरीय विकास एवं आवास विभाग अपर मुख्य सचिव संजय दुबे भी शनिवार को महाकाल दर्शन करने पहुंचे। मंदिर प्रबंध समिति की ओर से प्रशासक एवं अपर कलेक्टर प्रथम कौशिक ने उनका सम्मान किया।

## 112 नवविवाहित जोड़े बंधेंगे परिणय सूत्र में

- मुख्यमंत्री कन्या विवाह का आज
- किया जाएगा भव्य आयोजन



**उज्जैन।** अक्षय तृतीया के अवसर पर 19 अप्रैल रविवार को कार्तिक मेला स्थित प्रांगण में मुख्यमंत्री कन्या विवाह का आयोजन मध्य प्रदेश शासन के यशस्वी मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की उपस्थिति संपन्न होगा।

आयोजन को ध्यान में रखते हुए शनिवार को महापौर मुकेश टटवाल ने निगम अधिकारियों की उपस्थिति में व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री कन्या विवाह आयोजन के अंतर्गत 100 जोड़े निर्धारित किए गए हैं। साथ ही निकाह के अंतर्गत 12 जोड़े रहेंगे, इस प्रकार 112 जोड़ों को सम्मिलित किया गया है।

**तत्काल प्रमाण पत्र भी प्रदान किए जाएंगे**

स्वच्छ सर्वेक्षण अभियान को ध्यान में रखते हुए जीरो वेस्ट इवेंट पर आधारित रहेगा एवं नव विवाहित जोड़ों को शासन की ओर से प्राप्त राशि रुपए 49 हजार के चेक प्रदान किए जाएंगे। महापौर मुकेश टटवाल ने बताया कि निगम द्वारा आयोजित मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना में एक ही पंडाल के नीचे 112 जोड़ों का विवाह होगा। साथ ही जोड़ों को विवाह के पश्चात तत्काल विवाह प्रमाण पत्र भी प्रदान किए जाएंगे। निरीक्षण के दौरान सदस्य जितेंद्र कुवाल, रजत मेहता, संदीप शिवा, मनोज मौर्य, श्याम सुंदर शर्मा एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

**निरीक्षण अधिकारियों का** स्पेशल डीजे जैन और पीएस संजय दुबे पहुंचे उज्जैन, अफसरो ने 100 किलोमीटर का किया भ्रमण

## सुरक्षा पर फोकस, 21 हजार जवानों की तैनाती, अनुभव किए साझा

**उज्जैन।** शनिवार के दिन भोपाल से दो अफसर उज्जैन पहुंचे और उन्होंने सिंहस्थ की तैयारी का जायजा लिया।

प्रशासनिक स्तर पर प्लानिंग और फील्ड पर मॉनिटरिंग के इस समन्वय से साफ है कि इस बार सिंहस्थ को अधिक व्यवस्थित और तकनीकी रूप से सुदृढ़ बनाने की दिशा में काम हो रहा है। सिंहस्थ के दौरान 11,500 होमगार्ड और 10,000 सिविल डिफेंस वॉलेंटियर्स तैनात किए जाएंगे, जिन्हें 15 दिन का विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा। सिंहस्थ 2028 को सुव्यवस्थित, सुरक्षित और सुविधाजनक बनाने के लिए प्रशासन ने तैयारियों की रफ्तार तेज कर दी है। एक ओर जहां उच्चस्तरीय बैठक में विभिन्न विभागों की अस्थाई कार्य योजनाओं की समीक्षा की गई, वहीं दूसरी ओर मैदान स्तर पर ट्रैफिक, पार्किंग और घाटों तक पहुंच मार्ग की व्यवस्थाओं का गहन निरीक्षण किया गया। नगरीय विकास एवं आवास विभाग के अपर मुख्य सचिव संजय दुबे ने कलेक्टर सभागार में आयोजित बैठक में सिंहस्थ 2028 के लिए विभिन्न विभागों द्वारा तैयार अस्थाई कार्यों, उपकरणों और संसाधनों की आवश्यकता की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि मेला क्षेत्र, शिप्रा घाटों और पार्किंग स्थलों पर तैनात होने वाले होमगार्ड और सिविल डिफेंस वॉलेंटियर्स को पूर्व प्रशिक्षण देकर पूरी तरह तैयार किया जाए। यह भी तय किया गया कि सभी वॉलेंटियर्स का पूर्व सत्यापन किया जाएगा और उन्हें उसी क्षेत्र में तैनात किया जाएगा जहां उन्हें प्रशिक्षण दिया गया है, ताकि वे स्थानीय परिस्थितियों से भलीभांति परिचित रहें। शिप्रा नदी के घाटों को संवेदनशील और सामान्य श्रेणियों में विभाजित कर तैनाती की रणनीति बनाई गई है।



**दोनों सिंहस्थ के अनुभवी**

डीजी जैन ने सिंहस्थ 2004 और 2016 के अनुभव साझा करते हुए भीड़ नियंत्रण को सबसे बड़ी चुनौती बताते हुए निर्देश दिए कि प्रत्येक घाट पर प्रवेश और निकास की अलग-अलग व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाए। साथ ही, भीड़ बढ़ने की स्थिति में वैकल्पिक व्यवस्थाएं भी पहले से तैयार रखी जाएं। शिप्रा नदी के दोनों किनारों पर अलग-अलग व्यवस्थाएं विकसित करने और श्रद्धालुओं को निर्धारित मार्गों से घाटों तक पहुंचाने की विस्तृत कार्ययोजना तैयार करने पर जोर दिया गया।